>

Title: Need to enhance the relief package for providing compensation in view of huge loss of crops of farmers due to floods in the districts of Poorvanchal region in Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): अध्यक्ष महोदया, पूर्वी उत्तर प्रदेश में गंगा नदी, राष्ट्रीय नदी की बाढ़ से पूरा पूर्वांचल तबाह हो चुका है। ...(व्यवधान) मैंने पिछली बार भी इसी सदन में गंगा नदी की बाढ़ के मामले को उठाया था। ...(व्यवधान) किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गयीं। ...(व्यवधान) उनके घर गिर गये हैं। पशुओं को चारा नहीं मिल रहा है। गंगा राष्ट्रीय नदी है और मैंने पिछली बार भी इसी सदन में केन्द्र सरकार से यह मांग की थी कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को जो सहायता राशि दी जाती है, उसकी मात्रा कम होती है।...(व्यवधान)

11.44 hrs

At this stage, Shri T.K.S. Elangovan, Shri R. Thamaraiselvan and some other hon. Members went back to their seats.

श्री रामकिशुन : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह तत्काल केन्द्रीय बाढ़ सहायता के लिए एक दल भेजे और उत्तर प्रदेश सरकार को बाढ़ के लिए सहायता भेजने का काम करे। ...(व्यवधान) हमारी जो फसलें बर्बाद हुई हैं, उनका मुआवजा, उनकी राशि बहुत कम मिलती है, केवल 200-300 रुपया एकड़ मिलती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि किसानों की फसलों के लिए 10 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाये। ...(व्यवधान) जिन किसानों के मकान गिरे हैं, सरकार उन्हें कम से कम 50 हजार रुपये मुआवजा देने का काम करे। ...(व्यवधान) जिनके जानवर मर गये, उन्हें भी मुआवजा देने का काम केन्द्र सरकार करे। केन्द्र सरकार ने गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किया है। मध्य प्रदेश के पूरे पानी ने वहां आकर पूर्वांचल को तबाह करने का काम किया है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार वहां एक केन्द्रीय सहायता दल भेजने का काम करे। ...(व्यवधान)